# कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल–कोटा
email : nnksouth@gmail.com, websites : www.urban,rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142

क्रमांक :– ननिको / दक्षिण / निर्माण / 2024 / 285–300 दिनांक :– 12.09.2024

## ई–निविदा सूचना संख्या 12 / 2024–25

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों के **"A", "AA"** श्रेणी एवं नगर निगम कोटा (उत्तर / दक्षिण) में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई–निविदा पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। संवेदक निविदा प्रपत्र नगर निगम कोटा की वेबसाईट **www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in**, से प्राप्त कर सकेंगे।

- निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से) : 18.09.2024 से 30.09.2024 तक
- निविदा अपलोड करने की तिथि : 18.09.2024 से 30.09.2024 तक
- निविदा शुल्क, धरोहर राशि / प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि : 01.10.2024 (कार्यालय समय तक)
- निविदा / तकनीकी बिड खोलने की तिथि : 04.10.2024 (प्रातः 11:00 बजे)
- वित्तीय बिड खोलने की तिथि : तकनिकी बिड परीक्षण के पश्चात्

| क्र.स. | कार्य का नाम | अनु.लागत (लाखों में) | धरोहर राशि | | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 0.50% | 2.0% | | | |
| 1 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में पुरानी पाईप लाईन मरम्मत कार्य एवं लेबर आपूर्ति कार्य। | 10.00 | 5000/- | 20000/- | 1000/- | 500/- | 04 माह |

### निविदा की शर्तेः–

1. निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदक / फर्मों द्वारा जमा की जाने वाली टेण्डर फीस एवं धरोहर राशि के डी.डी. आयुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण के नाम एवं प्रोसेसिंग फीस (MD RISL) जयपुर के नाम देय होगी। उक्त निविदा शुल्क / प्रोसेसिंग शुल्क / धरोहर राशि के डी.डी. नियत समय में जमा कराया जाना होगा। संवेदक निविदा से संबंधित निविदा शुल्क / प्रोसेसिंग शुल्क / धरोहर राशि के डी.डी. इत्यादि फर्म के नाम से बनवाये।
2. कार्य के विलम्ब की स्थिति में गुणावगुण के आधार पर अनुबन्ध में निहित अधिकतम दर तक शास्ती लगाई जा सकेगी।
3. संवेदक कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य के दौरान एवं कार्य समाप्ति कार्य स्थल के फोटोग्राफ प्रस्तुत करने होंगे एवं कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड स्वयं के खर्चे पर लगाना होगा।
4. संवेदक कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व संबंधित सहायक / कनिष्ठ अभियन्ता को सूचित करेगा एवं उनके सामने गुणवत्ता रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।
5. संवेदक द्वारा किये जाने वाले कार्यों के दौरान यदि किसी भी राजकीय भूमि का उपयोग अपने संसाधन रखने या अन्य कार्यों में उपयोग में लेता है तो नियमानुसार बिल में से कटौती की जावेगी।
6. न्यूनतम मजदूरी एक्ट एवं श्रम कानूनो की पालना किया जाना अनिवार्य होगा।
7. कार्य सम्पादन प्रतिभूति / सुरक्षा निधि की वापसी अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार होगी।
8. संवेदक द्वारा निष्पादित किये जाने वाले अनुबन्ध में यह तथ्य भी स्पष्ट रूप से उल्लेख करेगा कि पी.एफ. और ई.एस.आई. विभाग के किसी प्रकार के दायित्व सृजित होते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संवेदक की होगी।
9. वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 22.10.2021 अनुसार आर.टी.पी.पी. नियम 2013 Additional Performance Security के लिये नियम 75 ए जोड़ा गया है। Work Performance Guarantee के रूप में कार्य आदेश जारी करने से पूर्व ली जावेगी तथा इसे कार्य के संतोषजनक रूप से पूर्ण होने के पश्चात निर्धारण दोष निवारण अवधि के उपरान्त कार्य की स्थिति संतोषजनक पाये जाने पर ही संवेदक को रिफन्ड की जावेगी।
10. तकनिकी बिड खोलने की तिथि पर किसी भी कारण वश अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस पर प्राप्त व खोली जावेगी।
11. सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया आरटीपीपी एक्ट 2012 एवं नियम 2013 के अधीन होगी।
12. संवेदक को तकनिकी बिड में पी.एफ. एवं ई.एस.आई के रजिस्ट्रेशन की प्रति संलग्न करनी होगी।
13. नगरीय विकास एवं आवासन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा जारी आदेश क्रमांक प.01(24)नविवि / A / 2020 लूज जयपुर दिनांक 20.09.2021 अनुसार विकास कार्यो की निविदाओ में संवेदको द्वारा बी.एस.आर. दर से कम डालने पर अन्तर राशि (AT PAR की दर से जितनी कम है) वर्क परफोरमेंस गारन्टी के रूप में कार्यादेश जारी होने से पूर्व जमा करानी होगी।
14. अनुबन्ध करने में असमर्थ रहने अथवा कार्य करने में असमर्थ रहने पर नियमों के अन्तर्गत आपकी रिस्क एण्ड कोस्ट पर नगर निगम को कार्य करने का / जमा योग्य अर्नेस्ट मनी की शास्ती लगाने की कार्यवाही करने का नगर निगम को अधिकार सुरक्षित रहेगा।
15. कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा जारी आदेश क्रमांक ननिको / दक्षिण / आयुक्त / 2023 / 18613–27 दिनांक 22.06.2023 निविदा में लागू होगा।
16. संवेदक को 100 / – के नोन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पर यह शपथ पत्र देना होगा कि कार्य में नियोजित श्रमिको की बनने वाली ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. राशि ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. विभाग में जमा कराने का उत्तरदायित्व स्वयं संवेदक का होगा।
17. संवेदक द्वारा मूल शुल्क / प्रोसेसिंग फीस जमा करने हेतु डी.डी. के पीछे निविदा संख्या एवं कार्य संख्या अंकित लिखकर जमा करावें।

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम कोटा दक्षिण

क्रमांक :– ननिको/दक्षिण/निर्माण/2024/ 285–300 दिनांक :– 12.09.2024

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ

1. महापौर महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
2. उपमहापौर महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
3. नेता प्रतिपक्ष महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
4. अध्यक्ष महोदय (निर्माण समिति) नगर निगम कोटा दक्षिण।
5. आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
6. अतिरिक्त आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
7. उपायुक्त, महोदय (I, II, राजस्व) नगर निगम कोटा दक्षिण।
8. अधीक्षण अभियन्ता, महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
9. मुख्य लेखाधिकारी, नगर निगम कोटा दक्षिण।
10. अधिशाषी अभियन्ता (खण्ड– II, नल/गैराज/उद्यान) नगर निगम कोटा दक्षिण।
11. सम्बन्धित सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता (निर्माण/उद्यान/विद्युत/नल/गैराज अनुभाग) नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व तखमीना तैयार करवाकर वेबसाईट पर अपलोड करावें।
12. अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम कोटा दक्षिण।
13. अध्यक्ष, पुस्तकालय, नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि नगर निगम स्तर पर ही ........................ नियमानुसार राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय/क्षेत्रीय समाचार पत्र में संक्षिप्त स्थान पर प्रकाशन हेतु।
14. कम्प्यूटर प्रोग्रामर, ई– गर्वेनेन्स (आई. टी. सेल एन.आई.सी. कमरा नं. 325) नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व टेण्डर नगर निगम कोटा दक्षिण की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
15. निजी सहायक (महापौर, उप महापौर, नेता प्रतिपक्ष, अध्यक्ष (निर्माण समिति) अधीक्षण अभियन्ता, मुख्य लेखाधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता (I, II)/स्मार्टराज प्रोजेक्ट आईटी/आई.टी. सेल, एन.आई.सी. कमरा नं. 325/ओसवाल डाटा प्रोसेसिंग, नगर निगम कोटा दक्षिण।
16. सुरक्षित पत्रावली, नगर निगम कोटा दक्षिण।

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम कोटा दक्षिण